दैनिक

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 92 मुरादाबाद 27 July 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला, अब एनसीआर जाने वाली गाड़ियों पर नहीं लगेगा रोड टैक्स




एनसीआर में रहने वाले प्रदेश के लाखों लोगों को योगी आदित्यनाथ सरकार ने बड़ी राहत दी है। अब इन लोगों को रोड टैक्स नहीं चुकाना होगा। मंगलवार को योगी कैबिनेट बैठक ने इस प्रस्ताव को को मंजूरी दे दी। बता दें कि प्रदेश के परिवहन विभाग ने चार राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी के बीच रोड टैक्स को लेकर करार किया था। बैठक में ललितपुर में नई जेल बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी गई है। उत्तर प्रदेश से एनसीआर में जाने वाली गाड़ियों पर टैक्स नही लगेगा। इनमें वैन , कैब, एम्बुलेंस आदि वाहन शामिल होंगे। चार राज्य ने आपस में टैक्स माफ करने का समझौता किया है। इससे जनता को राहत मिलेगी। लेकिन, इससे राज्य सरकार पर 12 करोड़ रुपये व्ययभार बढ़ेगा। कैबिनेट बैठक से निकले कैबिनेट ने एक और फैसले के तहत बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को इस सत्र से 1100 रुपये की बजाय 1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में ट्रांसफर करने का निर्णय किया है। बच्चों को अभी तक 1100 रुपये की रकम 2 जोड़ी यूनिफॉर्म, एक स्वेटर, एक स्कूल बैग, 1 जोड़ी जूता, 2 जोड़ी मोजे के लिए दी जाती थी। अब 1200 रुपये दिए जाएंगे जिसमें इन वस्तुओं के अलावा स्टेशनरी के लिए भी धनराशि दी जाएगी जिसमें 4 कापियां, दो पेंसिल, 2 रबर और दो कटर शामिल होंगे। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित ग्राम सचिवालय के सुदृढ़ीकरण हेतु हाईटेक व ग्राम पंचायत सहायक की नियुक्ति सम्बंध में प्रस्ताव पास किया गया। अपर पंचायती राज अधिकारी पद के सृजन के लिए भी प्रस्ताव को मंजूरी मिली। आज़ादी के अमृत महोत्सव के सम्बंध में 4.5 करोड़ तिरंगा फहराने के लिए 2 करोड़ झंडा एमएसएमई द्वारा क्रय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

## राजनीतिक पार्टियों की मुफ्त वाली योजनाओं पर लगेगी लगाम! सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को समाधान खोजने का दिया निर्देश



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को चुनाव के दौरान राजनीतिक दलों को मुफ्त में उपहार देने से रोकने के लिए समाधान खोजने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने मामले को अगली सुनवाई के लिए 3 अगस्त की तारीख निर्धारित की है।वित्त आयोग से बातचीत करे सरकार सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से कहा कि वह राजनीतिक दलों के मुद्दे पर वित्त आयोग के साथ बातचीत करे और मुफ्त में खर्च किए गए पैसे को ध्यान में रखकर जांच करे कि क्या इसे विनियमित करने की संभावना है।मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमणा की अध्यक्षता वाली और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हेमा कोहली की पीठ नेकेंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अतिरिक्त सालिसिटर जनरल के.एम. नटराज से कहा कि कृपया वित्त आयोग से पता करें। इसे अगले सप्ताह किसी समय सूचीबद्ध करेंगे। बहस शुरू करने का अधिकार क्या है। याचिका पर कोर्ट ने कपिल सिब्बल से पूछा उनके विचार- सुनवाई के दौरान, न्यायमूर्ति रमना ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो किसी अन्य मामले के लिए अदालत कक्ष में मौजूद थे, से राजनीतिक दलों द्वारा चुनावों के दौरान घोषित मुफ्त उपहारों पर सवाल उठाने वाली एक जनहित याचिका पर उनके विचार पूछे। मुफ्तखोरी को नियंत्रित करना मुश्किल है मुख्य न्यायाधीश ने कहा, श्री सिब्बल यहां एक वरिष्ठ सांसद के रूप में हैं। आपका क्या विचार है? सिब्बल ने जवाब दिया कि मुफ्तखोरी एक गंभीर मामला है, लेकिन राजनीतिक रूप से इसे नियंत्रित करना मुश्किल है। वित्त आयोग को विभिन्न राज्यों को धन आवंटन करते समय उनका कर्ज और मुफ्त योजनाओं को ध्यान में रखना चाहिए। केंद्र से निर्देश जारी करने की उम्मीद नहीं की जा सकती- सिब्बल ने कहा, केंद्र से निर्देश जारी करने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग इस मुद्दे की जांच करने के लिए उपयुक्त प्राधिकरण है। केंद्र से पीठ ने पूछा सवाल- चुनाव आयोग के वकील ने सुझाव दिया कि केंद्र सरकार इस मुद्दे से निपटने के लिए एक कानून ला सकती है, हालांकि नटराज ने सुझाव दिया कि यह चुनाव आयोग के क्षेत्र में आता है। इस पर पीठ ने पूछा कि केंद्र इस पर एक स्टैंड लेने से क्यों झिझक रहा है? अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी शीर्ष अदालत- शीर्ष अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें चुनाव के दौरान मुफ्त में मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों द्वारा की गई घोषणाओं के खिलाफ याचिका दायर की गई थी।

## मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटा और साले भगोड़ा घोषित, एसपी ने चेताया, खुद अरेस्ट हों वर्ना होगी कुर्की



मुख्तार अंसारी की पत्नी, बेटे और दो सालों की गिरफ्तारी के लिए मऊ पुलिस ने छापेमारी तेज कर दी है। मऊ एसपी ने मंगलवार को सभी को खुद कोर्ट में पेश होने या अरेस्ट होने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने पर संपत्ती कुर्क करने की बात कही है। सभी के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी हुआ है। इसी को लेकर पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने वीडियो जारी करते हुए कहा कि सभी को भगोड़ा घोषित किया गया है। इन्हें पुलिस के सामने पेश होकर गिरफ्तारी देने की हिदायत दी है। इसके साथ ही चेताया कि अगर पेश नहीं होते तो धारा 83 के तहत कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। मऊ पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए गाजीपुर के पैतृक आवास के चार ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2020 में थाना दक्षिण टोला में धारा ( 3 )1 यूपी गैंगस्टर एक्ट में मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्सा अंसारी, साले अतीफ उर्फ सरजील रजा, अनवर सहजाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। तहसीलदार सदर की ओर से भी दक्षिणटोला इलाके के ग्रामसभा रैनी में एससी/एसटी के लोगों की 33 एयर जमीन कब्जा करने व सरकारी सम्पत्ति एफसीआई गोदाम को कूटरचित दस्तावेज तैयार कर कब्जा करने के सम्बन्ध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इन लोगों के खिलाफ 129/20 धारा 419, 420, 433, 434, 447, 467, 468, 471 और धारा 3/4 सार्वजनिक सम्पत्ति क्षति अधिनिमय के तहत भी मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी, साले आतिफ रजा उर्फ शरजिल रजा, अनवर शहजाद व रविन्द्र नरायण सिंह, जाकिर हसैन उर्फ विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

## यशवंत सिन्हा बोले- देखना होगा अब क्या कर पाऊंगा राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद पहली प्रतिक्रिया



राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू के मुकाबले हार के बाद यशवंत सिन्हा फिलहाल राजनीतिक पारी को विराम देने के मूड में दिख रहे हैं। उनका कहना है कि वह किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे। उम्र का हवाला देते हुए कहा कि अब मैं 84 साल का हो गया हूं और यह देखा होगा कि आगे क्या कर पाऊंगा। पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा, %मुझे देखना होगा कि ( सार्वजनिक जीवन में ) मैं क्या भूमिका निभाऊंगा, मैं कितना सक्रिय रहूंगा। मैं अब 84 साल का हूं, तो ये समस्याएं हैं। मुझे देखना होगा कि मैं कितने लंबे समय तक काम कर सकता हूं।% उन्होंने कहा कि वह किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल नहीं होंगे। हाल में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों के संयुक्त उम्मीदवार सिन्हा को एनडीए की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। सिन्हा ने राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दे दिया था। यशवंत सिन्हा ने कहा कि उन्होंने अभी यह फैसला नहीं किया है कि वह अब सार्वजनिक जीवन में क्या भूमिका निभाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, %मैं निर्दलीय रहूंगा और किसी अन्य दल में शामिल नहीं होऊंगा।% यह पूछे जाने पर कि क्या वह तृणमूल के नेतृत्व के संपर्क में हैं, सिन्हा ने 'नहीं' में जवाब दिया। उन्होंने कहा कि किसी ने मुझसे बात नहीं की, मैंने किसी से बात नहीं की। हालांकि उन्होंने यह जरूर कहा कि निजी तौर टीएमसी के एक नेता उनके संपर्क में हैं। पूर्व वित्त मंत्री ने कहा, 'मुझे देखना होगा कि ( सार्वजनिक जीवन में ) मैं क्या भूमिका निभाऊंगा, मैं कितना सक्रिय रहूंगा। मैं अब 84 साल का हूं, तो ये समस्याएं हैं। मुझे देखना होगा कि मैं कितने लंबे समय तक काम कर सकता हूं।'

# परिजनों का आरोप अध्यापकों ने घड़ी चोरी का इल्जाम लगा कर पुत्र को मारपीट कर किया घायल

## मृतक छात्र के पिता ने दी तीन के विरुद्ध थाने में तहरीर



हारुन बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद/छिबरामऊ- कसाव चौकी क्षेत्र निवासी कक्षा नौ के छात्र की उपचार के दौरान कानपुर के अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के अध्यापकों ने उस पर घड़ी चोरी का इल्जाम लगाकर बुरी तरह लात घूसों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के लिए उसे सौ शैया अस्पताल और फिर यहां से कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया। 2 दिन बाद वहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। कसावा चौकी क्षेत्र के ग्राम पश्चिमी मड़ैया निवासी जहांगीर खां ने बताया कि उनका 15 वर्षीय पुत्र दिलशाद उर्फ राजा शनिवार को रामलीला मैदान के पास स्थित आर एस इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में दाखिला लेने के लिए गया था। अध्यावकाश के दौरान लगभग 11=30 बजे विद्यालय के अध्यापक थाना सौरिख के ग्राम कूकापुर निवासी शिव कुमार यादव ने उस पर घड़ी चोरी का इल्जाम लगा कर कमरे में ले ले गए। इस दौरान शिव कुमार का भाई अध्यापक प्रभाकर और ग्राम पलिया बूचपुर निवासी विवेक यादव ने एक राय होकर उसे लात घूसों से बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया।
दर्द से कराहते हुए घर पहुंचे किशोर को अचानक उल्टियां होती देख परिजन घबरा गए और आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। एक दिन के बाद रविवार की शाम हालत गंभीर होने पर उसे यहां से रेफर कर दिया गया। परिजनों ने कानपुर के मुरारी हॉस्पिटल में भर्ती कराया। वहां सोमवार की देर शाम करीब 8 बजे उपचार के दौरान दिलशाद की मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पीड़ित पिता ने अध्यापक शिव कुमार यादव, प्रभाकर व विवेक यादव के खिलाफ मार पीट कर हत्या करने की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। व छोटे भाई बहन छिबरामऊ। मृतक दिलशाद के परिजनों ने बताया कि 2014 में बिजली के खंबे से चिपक कर पिता जहांगीर का हाथ खराब हो गया था। तब से वह एक हाथ से मजदूरी करके जैसे तैसे अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। दिलशाद उनका सबसे बड़ा पुत्र था और वह स्कूल के बाद थोड़ा बहुत काम करके परिवार चलाने में सहयोग करके विकलांग पिता का सहारा बन रहा था। मृतक दिलशाद के दो छोटे भाई 12 वर्षीय इरफान व 11 वर्षीय इमरान और एक छोटी 8 वर्षीय बहन अल्फा का रो रो कर बुरा हाल हो गया।

# युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक एंव विकास दल विभाग श्रावस्ती के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक एंव विकास दल विभाग श्रावस्ती के तत्वाधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद स्तर पर दिनांक 29/07/2022 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय भयापुरवा भिनगा में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनपद के सभी विकास खंडों के विभिन्न विधाओं मे जैसे लोकगीत, लोकनृत्य, बांसुरी वादन, तबला वादन, हारमोनियम वादन, भरतनाट्यम नृत्य, मृदंग वादन, कथक नृत्य व सितार वादन आदि विधाओं में अपनी रुचि रखते हैं। तथा जनपद स्तर पर होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों के बालक एवं बालिकाओं तथा युवक और महिला मंगल दल के सदस्य भी भाग ले सकते हैं। जिनकी आयु सीमा 15 वर्ष से 29 वर्ष होगी। अतः इच्छुक बालक बालिकाओं द्वारा विभाग से दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं या विकास भवन भिनगा आकर विभाग में संपर्क कर सकते हैं। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल श्रावस्ती के अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं मोबाईल-945418031, 740 9025222जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी श्रावस्ती ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन प्रात 10=00 बजे से प्रारंभ होगा और 7 बजे कार्यक्रम का समापन होगा

# जनपद में होगा बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार अधिशाषी अभियंता विद्युत दिनेश पाल सिंह ने बताया है कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाले विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से शासन द्वारा प्रदेश के समस्त जनपदों में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 25 जुलाई से 31 जुलाई 2022 तक बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस का आयोजन कराया जा रहा है।
इसी क्रम में जनपद श्रावस्ती में भी शासन के निर्देशों के क्रम में अमृत महोत्सव के तहत बिजली महोत्सव एवं ऊर्जा दिवस पर उज्जवल भारत, ऊर्जा क्षेत्र में भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा आजादी से अब तक ऊर्जा एवं नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में विकास एवं भविष्य में प्राप्त होने वाली विकास की संभावनाओं का प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे सौभाग्य योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना वन नेशन वन ग्रिड, उपभोक्ता अधिकार, सोलर रूफ टॉप आदि योजनाओं का प्रदर्शन एवं संक्षिप्त ऑडियो वीडियो चलचित्र तथा भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रम द्वारा बनाए गए चलचित्र का भी प्रदर्शन किया जाएगा। प्रत्येक आयोजन स्थल पर उपभोक्ता बन्धुओ को सम्मिलित किये जाने की व्यवस्था की जाएगी एवं स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम में विद्यार्थियों का प्रतिभाग कराया जाएगा तथा विद्यार्थियों को बिजली महोत्सव से संबंधित जानकारी भी आयोजित कार्यक्रम में उपलब्ध कराई जाएगी ।

# आने वाले मोहर्रम को देखते हो थाना किला में पीस कमेटी की मीटिंग हुई संपन्न




तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-शासन द्वारा आदेश का पालन करते हुए आने वाले मुहर्रम में शासन द्वारा दी गाइडलाइन का पालन करें कोविड-19 महामारी के बाद अब जितने भी जुलूस प्रशासन की अनुमति से उठते हैं वह इसी प्रकार से उठेंगे कोई भी नई परंपरा नहीं ना ही किसी प्रकार का जुलूस बिना अनुमति के उठेगा जुलूस प्रबंधकों द्वारा जुलूस में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जुलूस किसी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग होती हैउसकी जुलूस आयोजकों की जिम्मेदारी होगी किसी भी असामाजिक व्यक्ति द्वारा घटना घटित की जाती है तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी धार्मिक जुलूस में किसी भी तरह के उत्तेजित नारे भाषण बाजी ना की जाए इस मौके पर ए. पी. सिटी रविंद्र कुमार ए.डी.एम. सिटी बरेली क्षेत्र अधिकारी आशीष प्रताप सिंह थाना अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव एस.आई इसरार खान किला चौकी प्रभारी रजनीश कुमार अमन कमेटी बरेली अध्यक्ष डॉक्टर कदीर अहमद वरिष्ठ समाजसेवी जयसवाल पालीवाल सरदार अमरजीत सिंह वसीम अकरम सुनील कुमार मनोज भारती डॉक्टर असद जैदी सिविल डिफेंस मिम्बर भी मौजूद रहे

# हिंदी गौरव काव्य कुंभ में उपमेंद्र सक्सेना को किया जाएगा सम्मानित

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- संस्था हिन्दी गौरव के 103 वें गौरवशाली मास में 31 जुलाई 2022 को भारत की राजधानी दिल्ली स्थित कपिलेश्वर महादेव मंदिर ,कपिल बिहार में एक काव्य कुंभ किया जा रहा है जिसमें देश भर के कविगणों को काव्य पाठ हेतु आमन्त्रित किया गया है।



इस अवसर पर देश के कई प्रांतों से साहित्य जगत के लगभग 100 सशक्त रचनाकार भाग लेंगे। रूहेलखंड से लोकप्रिय गीतकार एडवोकेट उपमेंद्र सक्सेना को हिंदी साहित्य के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु सम्मानित किया जाएगा । कई साहित्यिक एवं राजनीतिक हस्तियों के सानिध्य में होने वाले हिंदी गौरव काव्य कुंभ के संयोजक देश के वरिष्ठ कवि एवं संस्था के संस्थापक शैल भदावरी द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जोर- शोर से तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं।

# कारगिल शहीदों की स्मृति में कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को किया नमन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -आजादी का अमृत महोत्सव एवं कारगिल शहीद स्मृति में कलेक्टे्रट से पानदरीबा शहीद स्मारक तक जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने जिप्सी में बैठकर शहीदों के सम्मान में विजयी यात्रा कार्यक्रम का आयोजन कर शहीदों को नमन् किया। यह यात्रा शहर के मुख्य मार्गो एवं विभिन्न चैराहों से होकर निकली तथा शहीद स्मारक पर पहुंचकर माल्यापर्ण किया गया। विजयी यात्रा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कलेक्टे्रट से प्रारम्भ होकर कमिश्नरी, जैन मंदिर, पीलीकोठी, फब्बारा, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, डबल फाटक, ईदगाह, गलशहीद होते हुए मज्जू खां की मजार पर पहुंची जहां पर शहीदों की मजार पर चादरपोशी के पश्चात् इन्दिरा चैक, जामा मस्जिद, गर्वमेंट कालेज होते हुए पानों का दरीबा पर सम्पन्न हुई, जहां पर शहीदों को माल्यापर्ण अर्पित किया गया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को आह्वान किया कि वे आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान में बढ़चढ़कर एवं जोशखरोश के साथ हिस्सा लें तथा राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं सामाजिक समरसता की भावना को बलवती बनाये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात अशोक कुमार, एसपी देहात विद्यासागर मिश्र, सिटी मजिस्टे्रट एम0पी0 सिंह, एसपी सिटी अखिलेश भदोरिया, अपर जिला मजिस्टे्रट प्रथम एवं द्वितीय, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

# Monkey Pox को लेकर मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -दिल्ली में मंकीपाक्स का मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें संचारी रोग अभियान के दौरान लोगों को मंकीपाक्स के लक्षण आदि बताएंगी। इसके साथ ही उन्हें मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। जिससे इस बीमारी से जुड़ा कोई मरीज मिलता है तो वह फौरन स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क कर सके। इस बीमारी से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। दिल्ली में मंकीपाक्स का पहला मरीज मिलने के बाद से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में खलबली मची हुई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा, डिलारी, भोजपुर, कुंदरकी, बिलारी, मूंढापांडे, ताजपुर, कांठ, पाकबड़ा, अगवानपुर समेत जिले के सभी चिकित्सकों को अवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। उनसे कहा गया है कि मंकीपाक्स एक वायरल जूनोटिक बीमारी है। जिसमें चेचक के समान लक्षण होते हैं। 1958 में अनुसंधान के लिए रखे गए बंदरों में इस रोग को पहली बार पाए जाने के कारण इसका नाम मंकीपाक्स रखा गया था। 31 मई तक भारत में मंकीपाक्स का कोई मरीज नहीं था। दिल्ली में पहला मरीज मिलने के बाद से खतरा बढ़ गया है। इसको लेकर लोगों को सावधानी बरतनी है। स्वास्थ्य कर्मचारी इसके बारे में जिले के सभी गांवों में लोगों को जागरूक भी करेंगे। सीएमओ डा. एमसी गर्ग ने बताया कि मंकीपाक्स एक से दूसरे को फैल सकती है। इसलिए सावधानी बरतने की जरूरत है। यह बीमारी जानवरों से फैली है। पहले से किसी बीमारी से पीड़ित मरीज की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। इस वजह से उनका सबसे अधिक ख्याल रखना है। ऐसे बीमार लोग अगर मंकीपाक्स बीमारी की चपेट में आ जाते हैं तो उन्हें गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ेगा। इसलिए लोगों के संपर्क में आने से परहेज करना है।

### मंकीपाक्स के लक्षण

- शरीर पर मोटे दाने
- हाथ, कलाई, चेहरे, गर्दन, पैर के पंजे और टखने पर दाने होंगे
- इन दानों में मवाद भर होगा
- बुखार होगा
- आंख और उसके आसपास दाने

### यह करें बचाव

- परिवार के लोगों से मरीज को आइसोलेट करें
- सार्वजनिक स्थलों पर जाने से बचें
- संक्रमित रोगी के संपर्क में आने से बचें
- गंभीर बीमार का रखें ख्याल

# पैसठ फीसदी किसानों के खातों में ही पहुंचेगी किसान सम्मान निधि की रकम

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिले में किसान सम्मान निधि के करीब एक लाख से अधिक किसानों को सम्मान निधि की अगली किश्त मिलना मुश्किल हो जाएगा। वजह इन किसानों ने अभी ई-केवाईसी नहीं कराई है। शासन ने ऐसे किसानों को ई-केवाईसी कराने के लिए 31 जुलाई तक की मोहलत दी है। किसानों को सरकार से सम्मान निधि दी जा रही है।

दसवीं किश्त के बाद सरकार ने अब पात्र किसानों को ई-केवाईसी कराने के लिए कहा गया, जिसके बाद से किसानों ने जनसुविधा केंद्र में केवाईसी कराने की शुरुआत की। जिले में 2,77,953 किसान सम्मान निधि में पंजीकृत है जिसमें अभी तक 1,77,563 ने केवाईसी कराई है, बाकी किसानों को जल्द से जल्द केवाईसी कराने को कहा है। उपनिदेशक कृषि ऋतुषा तिवारी ने बताया कि किसान सम्मान निधि के ऐसे किसान जिन्होंने अभी केवाईसी नहीं कराया है उनसे 31 जुलाई तक केवाईसी कराने को कहा गया है। केवाईसी न कराने वाले के सम्मान निधि फंस सकती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्रृद्धालुओं की सुरक्षा हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया





दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमन्त कुटियाल ने ग्राम निवाड़ खास के शिवमंदिर एवं सम्भल चन्दौसी रोड गांगन तिराहे पर बनें शिवमंदिर में श्रावण मास की शिवतेरस के अवसर पर जलाभिषेक कर शिवलिंग पर पुष्प अर्पित किए एवं सावन के अग्रिम सोमवार को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने श्रृद्धालुओं की सुरक्षा हेतु व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं नगर वासियों एवं कावंडियों की सुरक्षा एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# नाबालिग के अपहरण में दो भेजा जेल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -नाबालिग के अपहरण में दो आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गए। थाना डिलारी पुलिस ने किशोरी के अपहरण के आरोप में दो आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय के सुपुर्द पेश कर दिया। मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से अभी दूर है। लगभग एक माह पहले गांव निवासी 16 वर्षीय किशोरी घर के दरवाजे के सामने झाड़ू लगा रही थी। तभी गांव निवासी नाजिर अपने बाइक पर जबरन बैठा कर ले गया। मामला अलग समुदाय का होने पर तनातनी का माहौल बन गया। किशोरी के पिता की तहरीर के अनुसार थाना डिलारी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ दबिश देनी शुरू कर दी। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि नाबालिग के अपहरण में अब तक 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। मुख्य आरोपी नाजिर को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

ताजा अपडेट के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

संपादकीय Editorial

# Proud moment of republic

When Draupadi Murmu was taking the oath of office in the Central Hall of Parliament on Monday, the whole country was watching her with respect. The way in which the tribal and forest dwellers of the country have been proudly raised with his swearing-in, it indicates the new strength of the Indian nation and the new expansion of Indian politics. In his first address after taking oath, President Murmu recalled the Amrit Mahotsav of Independence, which we are going to celebrate in a few days. He said,

'I am fortunate that in the 75th year of independence, I have got this responsibility.' Was. For which our freedom fighters made their supreme sacrifice. There could not have been a better opportunity to realize the resolve of taking the last man to the top post of the country. It is the good fortune of all of us that in the 75th year of independence, we are taking the country in the direction for which the freedom struggle was fought. President Murmu has come from the most economically backward area of ??the country.

From that area, where there was no solid system of power supply till a few days ago. The long way he has come also says a lot about the political atmosphere of the country. That wind of development has not yet reached in his village, which we consider to be the most essential condition of progress. Moreover, he has come a long way in the last 25 years from councilor to presidency. One more thing that needs to be mentioned here is that she is the second woman President of the country. Seen in this way, they have personal experience at all levels of social, economic, geographical and gender where great efforts are needed. This experience will be of great use to him as President. Along with this, his experience is also an assurance to the people of the country that such a person is sitting on the highest post, who knows and understands their pain and sorrow very well. All this also has another meaning, which President Murmu mentioned in his address, 'My election is proof that the poor in India can dream and fulfill them.' Obviously, as President. Taking the Oath of Draupadi Murmu tells the story of the deepening and strengthening of the roots of Indian politics. In the last few decades our democracy has brought all the people, all the communities into the mainstream, but also the centre, who were once on the margins of the power structure. If the social diversity of a country is established and reflected in its politics, then what can be better than this! In this sense, Indian democracy presents an ideal before other democracies of the world by its maturity. Draupadi Murmu's rise to the pinnacle once again shows that the politics of India is no longer the monopoly of the upper classes. Though the role of the President is limited in our active politics, Draupadi Murmu has that aura, which can keep situations from getting unpleasant amid the ups and downs of politics.

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# Mouni Roy's looks will make you crazy in blue bikini pants and white bra top

Mouni Roy is one of those TV actresses who have successfully completed the journey from small screen to big screen. Mouni made her mark on a large scale with TV serials. Especially, the title role in the serial Naagin got Mouni a lot of popularity. In this character, the beauty of Mouni was shown on a different level. Mouni is also very active on Instagram and often posts her pictures in social media. Her bold acts can be clearly seen in the pictures of Mouni. Sometimes in western and sometimes desi clothes, Mouni looks beautiful. Mouni Roy looks beautiful in western dress too - Now Mouni has posted some new pictures, in which she is wearing a white colored bra top with blue bikini shorts. A sheen gown of white color is put on top. A white belt tied over blue bikini shorts complements the whole combination. Mouni has given different poses with this complete dress, in which her style is very killer. Fans are also going crazy after seeing the pictures of Mouni. Many followers have expressed their choice by making a fire emoji, while many users have reacted to Mouni's killer looks by commenting.



Many female fans have expressed their desire to wear a dress like Mouni. Negative character will be seen in Brahmastra - Talking about Mouni Roy's films, she is now going to be seen in Brahmastra. His character in this film is negative. Directed by Ayan Mukerji, the film is releasing in cinemas on 9 September. Ranbir Kapoor and Alia Bhatt are in the lead roles. Brahmastra is a fantasy film, whose story is related to Indian mythology. The story of Brahmastra, an all-powerful weapon, is shown in the film. Amitabh Bachchan and Nagarjuna are also going to be seen in important roles.

# Alia Bhatt got her 'green' photoshoot done, hid baby bump with a black dupatta

After the release of the film 'Darlings', Alia Bhatt recently appeared in a black color suit with floral pattern. Alia Bhatt was in a jolly good mood as always and she wore this beautiful suit as well as beautiful ear rings in her ears. Alia Bhatt met the paparazzi and they got the photoshoot done. When Alia Bhatt met Papps, she looked at the plants nearby and said - it would be good with greenery? Moved towards the crowded place where many plants were planted.



Alia Bhatt again felt the light issue so she immediately changed the location and then stood back to the wall and posed very happy and posed for pictures. The bump was hidden. Alia Bhatt these days is seen wearing dark or very light colored clothes to hide the baby bump. During the conversation, the paparazzi praised the trailer of Alia Bhatt's upcoming film 'Darlings'. Let us tell you that Alia Bhatt's upcoming film is a dark comedy, the trailer of which has been released only on Monday. Friendship changed in love during 'Brahmastra' - Alia Bhatt and Ranbir Kapoor's friendship turned into love during the shooting of the film 'Brahmastra' And this year the couple tied the knot. After 3 months of marriage, both of them announced the pregnancy. Alia Bhatt revealed many secrets about Ranbir Kapoor in 'Koffee With Karan' and how he made the wedding very special.

# जिले में छापामारी अभियान- आधा दर्जन बीज विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित व नोटिस जारी

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - आज पूरे जनपद में कृषि विभाग के अपर मुख्य सचिव के आदेश पर बीज दुकानों पर छापामार अभियान चलाकर नमूने लिए गए। मालूम हो कि दुकानों पर नकली बीज के अलावा घटिया बीजों की बिक्री धड़ल्ले से की जाती है। जिससे किसानों को आए दिन लाखों रुपयों का नुकसान होता है। काफी कमाई होने के कारण दुकानदार गोरखधंधा करने से बाज नहीं आते हैं। जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने बताया कि छापे के दौरान बीज के 21 नमूने लिए गए 36 स्थानों की जांच की गई। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशालाओं में भेजा जाएगा परीक्षण परिणाम अमानक पाए जाने पर विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे। श्री सिंह ने बताया की जांच के समय अभिलेख न दिखाने और दुकान बंद कर गायब हो जाने के कारण तत्काल प्रभाव से तीन विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। कृषि सेवा केंद्र के मालिक दुकान बंद कर गायब हो गए। सातनपुर मंडी स्थित किसान बीज एजेंसी एवं सिटी बीज एजेंसी, जसमई दरवाजा स्थित मंथन कुमार एग्रो बीज भंडार को नोटिस जारी किए गए हैं।

# डीएम का फरमान: अन्य मार्गो से हटाया जाए अतिक्रमण, ई रिक्शा चालकों पर नकेल

हारून बख्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - जिलाधिकारी संजय सिंह ने आज व्यापारियों व उद्यमियों के साथ की गई बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। डीएम ने नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी को शहर के अन्य मार्गों पर भी अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी। उन्होंने ई- रिक्शा चालकों की मनमानी पर प्रतिबंध लगाने के लिए कमेटी गठित कर चालकों का मार्ग निर्धारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पांचाल घाट पर रेलिंग के बाहर ठेली आदि दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण कर गंदगी फैलाई जाने पर नाराजगी जाहिर की। पालिका के अधिशासी अधिकारी को बेहतर ढंग से सफाई कार्य कराने की चेतावनी दी गई। इस दौरान व्यापारी नेताओं ने डीएम को कई समस्याएं बतायी। बैठक में व्यापारी नेता अरुण प्रकाश तिवारी रोहित गोयल सरल दुबे संजय गर्ग इखलाक खां राकेश सक्सेना प्रमोद जैन आदि व्यापारियों के अलावा मुख्य विकास अधिकारी जीएम डीआईसी उपायुक्त जीएसटी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# थाना भटगांव पुलिस ने गुमशदा महिला को किया दस्तयाब




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- थाना भटगांव क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाना भटगांव में सूचना दिया कि 7 जनवरी 2022 को इसकी 23 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सूचना पर पुलिस ने गुम इंसान कायम कर पतासाजी प्रारंभ किया। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के निर्देशन में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस ने गुमशुदा के परिजनों, आसपड़ोस के लोगों से पूछताछ कर पतासाजी की गई। इसी बीच पुलिस को नई तकनीक व सूत्र के जरिए जानकारी मिला की गुमशुदा हैदराबाद में है जिसके बाद पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्परतापूर्वक गुमशुदा को दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। पूछताछ पर महिला ने बताया वह एक व्यक्ति से शादी करने के बाद हैदराबाद चली गई थी। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एएसआई विरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, आरक्षक अखिलेश पाण्डेय, रजनीश पटेल, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।

# रौशनी के लिए लगाए स्ट्रीट लाईट चोरी मामले में थाना भटगांव पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर 2 चोरों को किया गिरफ्तार



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 25 जुलाई को ग्राम अधिनापुर निवासी भैयालाल बखला ने थाना भटगांव में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दो माह पूर्व पंद्रहवां वित्त मद से पंचायत भवन के सामने रोड़ किनारे रौशनी हेतु 4 नग स्ट्रीट लाईट लगवाया था जिसे 23 जुलाई के रात्रि में अज्ञात चोर चोरी करे ले गए, मामले की सूचना पर थाना भटगांव में धारा 379 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर के निर्देशन में एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह के मार्गदर्शन में थाना भटगांव की पुलिस आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच सूत्र से जानकारी मिला कि सलका निवासी कुर्बान खान उर्फ पण्डा एवं वाहिद खान उर्फ लल्ला स्ट्रीट लाइट बेचने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है सूचना पर पुलिस ने त्वरित दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पूछताछ पर दोनों ने स्ट्रीट लाईट चोरी करना स्वीकार किया जिनके निशानदेही पर 4 नग स्ट्रीट लाईट कीमत 32 हजार रूपये का बरामद कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एएसआई विरेन्द्र यादव, प्रधान आरक्षक रजनीश त्रिपाठी, आरक्षक मनोज जायसवाल, भोलाशंकर राजवाड़े व प्रहलाद पैंकरा सक्रिय रहे।

# अधिकारी कर्मचारियों ने महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता बढ़ाने को लेकर के आज ब्लॉक मुख्यालयों में एसडीएम के माध्यम से राज्य शासन को सौंपा ज्ञापन



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- जिला अंतर्गत सभी विकास खंडों में टीचर्स एसोसिएशन एवं शालेय शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा विकासखंड के समस्त शिक्षकों के साथ अपनी दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से सौंपा । टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह,प्रदेश प्रचारसचिव अजय सिंह,संगठन सचिव मुकेश मुदलियार ने बताया कि प्रांतीय निकाय के आह्वान पर महंगाई भत्ता एवं गृह भाड़ा भत्ता की बढ़ोतरी हेतु अनिश्चितकालीन आंदोलन आरम्भ है सरकार को ध्यान देकर कर्मचारियों की मांग जल्द पूरी करनी चाहिए। टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भुपेश सिंह, शालेय शिक्षक संघ के यादवेंद्र दुबे ने बताया कि आज सभी विकासखण्ड में शिक्षकों द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दो सूत्रीय ज्ञापन सौपा गया सरकार द्वारा कर्मचारियों के हित मे जल्द निर्णय लेना चाहिए क्योंकि सभी शासकीय विद्यालय बंद है एवं सभी शिक्षक आंदोलन में शामिल है आज रामानुजनगर में पीताम्बर मराबी,चन्दविजय सिंह, बिजेंद साहू,एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में बाइक रैली निकाल कर ज्ञापन दिया गया,प्रतापपुर में ब्लाक अध्यक्ष नागेंद्र सिंह,देवसाय के नेतृत्व में रैली के बाद ज्ञापन सौपा गया, प्रेमनगर में रामबरन सिंह, प्रदीप दास,चन्द्रहास खुटे,सूरजपुर में चन्द्रदेव चक्रधारी, सुरविन्द गुर्जर,नंदकिशोर साहू,लाल साय,ओड़गी में बिनोद के राम,राकेश गुर्जर,रोशन गुर्जर,बिजय पाठक,भैयाथान में जितेंद्र सिंह,घनश्याम सिंह,रामचन्द सोनी,मिथलेश पाठक,के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौपा गया ।

# एसडीओपी ने छात्राओं को सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण टिप्स से कराया अवगत



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मंगलवार को थाना ओड़गी पुलिस ने कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल ओड़गी में अध्ययनरत स्कूली छात्राओं को गुड टच, बैड टच व होने वाले साइबर क्राइमों से सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देश पर एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी ने छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स से अवगत कराया। शासन की ओर मिलने वाले स्कालरशीप का लाभ लेने, महिला सुरक्षा से जुड़ी अभिव्यक्ति ऐप के बारे में बताया और उसका उपयोग करने की जानकारी दी। बढ़ते साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए मोबाइल का सदुपयोग करने, अनजान व्यक्ति से संपर्क नहीं करने, बैंक खातों की जानकारी नहीं देने तथा अपने निजी डाटा को पूरी तरह सुरक्षित रखने के बारे में जानकारी दी और कहां कि गांव घर तथा आसपास रहने वाले लोगों को भी इस जानकारी से अवगत करा उन्हें भी जागरूक करें।

थाना प्रभारी ओड़गी एन.के.त्रिपाठी ने यातायात नियमों का पालन करने, सड़क पर घायल व्यक्ति की सहायता करने की समझाईश दी। इस दौरान एसआई एनके राय, प्राचार्य राजेश प्रसाद पाल, शिक्षक एस.के.गुप्ता, राहुल गुप्ता, रविन्द्र कुमार सिंह, नीलिमा सिन्हा सहित स्कूली छात्राएं मौजूद रहे।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# 108 फीट की कांवड़ को देखने उमडी भीड

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कस्बा के श्रद्धालु 108 फीट की कांवड में गंगाजल भरने सोमवार को कासगंज के सोरों गंगाघाट पहुंचे। यहां से कावंड में गंगाजल भरकर वह मारहरा के लिए रवाना हुए। कावड़ के साथ भगवान शंकर और महाकाल की झांकियां भी शामिल की गई। गंगाघाट से कछला तक कासगंज के सीओ सदर बीके पंत ने हाथ में तिरंगा पकड कर कांवड़ यात्रा का नेत्रत्व किया गया। इस दौरान कासगंज की जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एंव भाजपा जिलाध्यक्ष केपीसिंह सोलंकी द्वारा विशाल कांवड़ का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। रास्ते में



सोरों, नदरई, मिरहची एंव मारहरा कस्बा में भी कावड का भव्य स्वागत किया गया। यह कावड़ साय को मारहरा कस्बा पहुंची। 108 फीट की कावड़ को देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। समूचा कस्बा बम-बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गया। बादमें मुहल्ला कुबातगंज स्थित भारती शिव मंदिर पर पूरे विधि विधान और पूजा, अर्चन के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया

# उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए 13 निरीक्षकों को स्टार लगाकर किया सम्मानित



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एक सितारा और बढ़ने पर बढ़ी हुई जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए एसएसपी एटा ने दिया मूल मंत्र, उपनिरीक्षक से निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए 13 निरीक्षकों को स्टार लगाकर किया सम्मानित आज दिनांक 26.07.2022 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा उ0नि0 नागरिक पुलिस के पद से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत हुए 13 निरीक्षकों को स्टार लगाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक एटा श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्रीमती स्नेहलता, क्षेत्राधिकारी यातायात श्री संगम मिश्रा एवं पुलिस कार्यालय का अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

## पदोन्नत हुए निरीक्षकों का विवरण-

### नाम तैनाती

1. श्री उदय भान सिंह - पेशी व0पु0अ0
2. श्री जगदीश प्रसाद - थाना जलेसर
3. श्री सुबोध कुमार - न्यायालय सुरक्षा
4. श्री उमेश कुमार - कोतवाली नगर
5. श्री सत्यवीर सिंह - कोतवाली देहात
6. श्रीमती ब्रह्मवती - महिला थाना
7. श्री सुरेन्द बाबू - जलेसर
8. श्री दिग्विजय सिंह - अलीगंज
9. अतुल सुमन - नयागांव
10. श्री सुधीर कुमार सिंह - जैथरा
11. श्री विष्णु कुमार - जलेसर
12. श्री प्रमोद कुमार - बागवाला
13. श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा - पेशीकलां

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# शिक्षामित्रों ने स्कूलों में काली पट्टी बांध किया पठन-पाठन

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिले के शिक्षामित्रों ने सोमवार को विरोध दिवस मनाया। विरोध दिवस पर शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर स्कूलों में पठन-पाठन कार्य किया। जिले के शिक्षामित्रों ने सोमवार को विरोध दिवस मनाया। विरोध दिवस पर शिक्षामित्रों ने काली पट्टी बांधकर स्कूलों में पठन-पाठन कार्य किया। केन्द्र-प्रदेश सरकार की अनदेखी से परेशान शिक्षामित्रों के परिवार के भरण-पोषण को कुछ नहीं किया गया है। उससे शिक्षामित्र बेहद आहत हैं। पांच वर्ष पूर्व आज ही के दिन सुप्रीमकोर्ट ने 25 जुलाई 2017 को शिक्षामित्रों का समायोजन रद किया था। उसके बाद से वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। बढ़ती महंगाई में सिर्फ दस हजार की अल्प पगार पाने वाले शिक्षामित्रों के सामने परिवार के भरण-पोषण की समस्या बनी हुई है। उत्तर प्रदेश सरकार से दिये जा रहे सिर्फ दस हजार रुपये के मानदेय से इस भीषण मंहगाई के दौर में परिवारों का खर्च उठाना बहुत मुश्किल हो रहा है। शिक्षामित्रों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर पीएम, सीएम को उनके वायदे याद दिलाने का प्रयास किया है।

## देवराज जी शास्त्री को नम आँखों से हजारों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि दी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-यज्ञ तीर्थ आर्ष गुरुकुल एटा के अधिष्ठाता आचार्य देवराज जी शास्त्री को नम आँखों से हजारों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि दी गई.सैकड़ों की संख्या में आर्य जगत के विद्वानों एवं एटा गुरुकुल के स्नातकों ने शास्त्री जी के वयक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला

## दहेज हत्या के मामले में दो आरोपियों को 06 तथा 05 वर्ष साधारण कारावास एवं 5000 तथा 3000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-पुलिस की प्रभावी पैरवी एवं सतत निगरानी के चलते माननीय न्यायालय से दहेज हत्या के मामले में दो आरोपियों को क्रमशः 06 तथा 05 वर्ष साधारण कारावास एवं 5000 तथा 3000 रुपए के जुर्माने की मिली सजा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपदीय मॉनिटरिंग सेल द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए- आज दिनांक 25.07.2022 को अभियुक्तगण 1. अश्वनि उर्फ पप्पू पुत्र रतन सिंह 2.सुख देवी उर्फ पुष्पा देवी पत्नी रतन सिंह निवासीगण प्रतापपुर थाना रिजोर जिला एटा संबंधित मुकदमा अपराध संख्या 46/16 धारा 498/304क भादवि व 3/4 डी एक्ट थाना रिजौर जिला एटा को दोषी पाते हुए माननीय न्यायालय डीजे कोर्ट एटा द्वारा अभियुक्त आश्विन को 06 वर्ष साधारण कारावास एवं 5 हज़ार के अर्थदंड एवम सुख देवी को 5 वर्ष साधरण कारावास एवम 3 हज़ार के अर्थदंड से दंडित किया गया!

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## जमीन नाम न कराने पर विवाहिता की हत्या, छह पर मुकदमा

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-दहेज में जमीन नाम न करने पर मां-बाप की इकलौती बेटी की हत्या कर ससुरालीजन फरार हो गए। मृतका के पिता ने यह आरोप लगाते हुए पति समेत छह ससुरालियों के दहेज में जमीन नाम न करने पर मां-बाप की इकलौती बेटी की हत्या कर ससुरालीजन फरार हो गए। मृतका के पिता ने यह आरोप लगाते हुए पति समेत छह ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। फिरोजाबाद थाना एका के गांव नगला देवा निवासी विद्यासागर ने बताया कि बेटी अनुराधा ( 24 ) की शादी सोनू उर्फ प्रणव पचौरी पुत्र अनिल पचौरी निवासी आगरा रोड पचौरी हाउस अवागढ़ के साथ ढाई साल पहले की थी। पिता का आरोप है कि ससुरालीजन बेटी पर दबाव बनाते थे कि वह अपने पिता की जमीन उनके नाम कर दे। ऐसा न करने पर बेटी का उत्पीड़न करते थे। आरोप है कि सोमवार को ससुरालीजनों ने अनुराधा की लाठी से गला दबाकर हत्या कर दी।

WWW.KNLSIVE.COM

# किसान के सिर में भारी वस्तु मारकर की थी हत्या

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सोते समय ही किसान के सिर में भारी वस्तु मारकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में काफी गहरी चोट आई है। सोते समय ही हत्या का अंदाजा इसलिए सोते समय ही किसान के सिर में भारी वस्तु मारकर हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में काफी गहरी चोट आई है। सोते समय ही हत्या का अंदाजा इसलिए भी लगाया जा रहा है। शव चारपाई पर ही पड़ा मिला था। घरवालों ने किसी भी रंजिश से इनकार किया है। बता दें कि कोतवाली अलीगंज के गांव मितौलिया निवासी जितेन्द्र सिंह की सिर में चोट पहुंचाकर हत्या की गई थी। किसान का शव चारपाई पर पड़ा मिला था। शव मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया था। जानकारी पर अलीगंज पुलिस, एएसपी मौके पर पहुंचे थे। बेटा नितेश ने किसी भी रंजिश से इनकार किया है। घटना के चौबीस घंटे के बाद भी पुलिस किसी भी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। अलीगंज पुलिस का कहना है कि खुलासा को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं।